>

Title: Need to provide houses under Indira Awas Yojana to BPL families in each Gram Panchayat and also make provision for construction of Indira Awas from MPLADS fund.

*m01

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर):ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इंदिरा आवास की पात्रता रखने वाले हितग्राहियों की सूची बहुत लंबी है एवं प्रति ग्राम पंचायत उपलब्धता केवल एक अथवा दो होने के कारण पात्रता रखने के बावजूद भी उन्हें इंदिरा आवास उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं ।

अतः प्रत्येक ग्राम पंचायत में अनुसूचित जाति, आदिवासी, निशक्तजन, विधवा एवं अन्य आरक्षित /सामान्य श्रेणी के बी.पी.एल. धारकों को जो इंदिरा आवास की पात्रता रखते हैं, को कम से कम पाँच इंदिरा आवास प्रति वर्ष आवंटित किये जाने हेतु समुचित दिशा निर्देशःबजट आवंटन प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध है ।

साथ ही चूंकि यह सूची प्रत्येक ग्राम पंचायत में काफी लंबी है अतः शीघ्रता से इसे पूरा करने के लिए सांसद निधि से इंदिरा आवास निर्माण हेतु (लंबित प्रतीक्षा सूची में से ही सांसद के विवेकाधीन कोटे अनुसार) अनुमति प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध है ।

माननीय केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध है कि मेरे उपरोक्तानुसार प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर संबंधित प्राधिकारी को समुचित निर्देश जारी करें ।